


नवभारत
इंदौर, बुधवार, 1 जुलाई 2026



## सफाई के नाम पर कथित बिलों को लेकर नपा अधिकारी को सौंपा पत्र

**खाचरौद।** नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों की शह पर नाला एवं नाली सफाई के नाम पर बनाए जा रहे कथित फर्जी बिलों के भुगतान पर तत्काल रोक लगाने तथा संपूर्ण सफाई कार्यों का निष्पक्ष भौतिक सत्यापन कराने की मांग को लेकर वार्ड 8 की भाजपा पार्षद गोदावरी बंबोरिया ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पत्र सौंपकर बताया कि नगर पालिका के पास पहले से ही पर्याप्त संख्या में नियमित सफाई कर्मचारी उपलब्ध हैं। जिनके वेतन एवं सफाई व्यवस्था पर प्रतिमाह लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। इसके बावजूद कुछ ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नाला एवं नाली सफाई के नाम पर अलग से मजदूर लगाकर बिल तैयार



किए जा रहे हैं। जिससे निकाय की राशि के दुरुपयोग व भ्रष्टाचार की आशंका है।

मिलीभगत से शासन को नुकसान पहुंचाने हेतु पोकलेन एवं जेसीबी मशीनों से सफाई कार्य किए जाने के नाम पर भी बिल बनाए जा रहे हैं। जबकि वास्तविकता में इन मशीनों का उपयोग केवल कुछ सीमित स्थानों पर ही हुआ है। नगर के अधिकांश नालों एवं नालियों में आज भी गाद, कचरा एवं गंदगी जमा है, जिससे वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है। बंबोरिया ने बताया कि उन्होंने अपने वार्ड 8 के नालों एवं नालियों की सफाई को लेकर कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। लेकिन आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी से मांग की है कि नाला एवं नाली सफाई के नाम पर बनाए जा रहे सभी बिलों का भुगतान तत्काल प्रभाव से रोका जाए तथा किसी सक्षम अधिकारी से संपूर्ण कार्य का निष्पक्ष भौतिक सत्यापन कराया जाए। यदि जांच में अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करते हुए वास्तविक कार्य के आधार पर ही भुगतान किया जाए।

श्रीमती बंबोरिया ने कहा कि यह मामला जनहित एवं शासन की राशि के संरक्षण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने नगरवासियों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

## झंडा वंदन के साथ सहकारी जन–जागरण सप्ताह का शुभारंभ

**उज्जैन।** सहकार से समृद्धि और सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने तथा संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में जिले में सोमवार से सहकारी जन–जागरण सप्ताह की शुरुआत हो गई है। यह 6 जुलाई तक मनाया जाएगा। सप्ताह के पहले दिन जिले की विभिन्न सहकारी संस्थाओं में सप्तरंगी झंडा वंदन, पौधारोपण, सहकारिता गीत का वाचन और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए।

सहकारिता आयुक्त दीपक सिंह के निर्देशों के परिपालन में यह आयोजन किया जा रहा है। सहकारिता संभाग के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपायुक्त अरुण मिश्रा और जिला सहकारी संघ के प्रशासक व सहायक आयुक्त अंकेक्षण संजय कौशल के मार्गदर्शन में जिले भर में



### सहकारिता से मजबूत हो रहा लोकतंत्र

इस अवसर पर जिला सहकारी संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेर सिंह सोलंकी ने जिले की सभी सहकारी संस्थाओं से इस सप्ताह को उत्साहपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से आज देश आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो रहा है। इससे लोकतंत्र की मजबूती, पारदर्शिता, समानता और पारस्परिक सहयोग की भावना बढ़ रही है। देश तेजी से विकास व समृद्धि की ओर अग्रसर है।

कार्यक्रम हुए। जिला सहकारी संघ मर्यादित, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भरतपुरी, दुग्ध सहकारी संघ मक्सी रोड, उज्जैन नागरिक व आनंदेश्वरी नागरिक सहकारी बैंक और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की चिमनगंज मंडी शाखा सहित अन्य संस्थाओं में भव्य आयोजन किए गए।

## एक नजर में

### लायंस क्लब उज्जयिनी के नए अध्यक्ष बने अरविंद गुमास्ते, कार्यकारिणी ने ली शपथ



**उज्जैन।** शहर के प्रतिष्ठित सेवा संगठन लायंस क्लब उज्जयिनी के नवीन सत्र 2026–27 का संस्थापन एवं शपथ ग्रहण समारोह सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। समारोह में वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर–2 संजय सक्सेना ने क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद गुमास्ते सहित नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश जैन थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में जब भी सेवा कार्यों की आवश्यकता होती है, तो सबसे पहले लायंस क्लब का नाम याद आता है। उन्होंने लायंस क्लब उज्जयिनी को क्षेत्र के समस्त लायंस क्लबों का पितामह बताते हुए संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए नई टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन से हुआ। वीके श्रीवास्तव ने ध्वज वंदना का वाचन किया। इसके बाद सत्र 2025–26 के अध्यक्ष शिव बंसल ने स्वागत भाषण देते हुए वर्षभर की प्रमुख सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। सचिव ने पिछले सत्र का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिरोलिया ने शपथ अधिकारी संजय सक्सेना का परिचय कराया। शपथ अधिकारी ने लायंस इंटरनेशनल प्रोटोकॉल के अनुरूप दायित्वों की जानकारी देते हुए नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। नवीन कार्यकारिणी में प्रथम उपाध्यक्ष सुदर्शन लड्ढा, द्वितीय उपाध्यक्ष अंकुर गोयल, तृतीय उपाध्यक्ष दिलीप सामक, सचिव इंजी. पवन दाभाडे, सह सचिव भारत जोशी, कोषाध्यक्ष वीके श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र गुप्ता, टेल ट्विस्टर राजीव चांदोलीकर, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर राजेन्द्र सिरोलिया, सदस्यता विस्तार चेयरपर्सन भूषण नाईक और प्रोटोकॉल ऑफिसर सुदर्शन आयाचित बनाए गए हैं। साथ ही संचालक मंडल के सदस्यों ने भी शपथ ली। अंत में नवनिर्वाचित क्लब अध्यक्ष अरविन्द गुमास्ते ने कहा कि वी सर्व की भावना के साथ लायंस क्लब उज्जयिनी आगामी वर्ष में भी समाजसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा।

### बिना दहेज निकाह करने वाले दूल्हों को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि, 11 शख्सियतें हुईं सम्मानित



**उज्जैन।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान की स्मृति में जामा मस्जिद स्कूल कम्युनिटी हॉल में 27वां नि:शुल्क सामूहिक निकाह और एजाजी जलसा आयोजित किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बिना दहेज शादी करने वाले दूल्हों को संस्था की ओर से 10–10 हजार रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। निकाह नायब काजी नवेद दस्तगीर ने मुकम्मल कराया। संस्था के संयुक्त सचिव नासिर मंसूरी और मार्गदर्शक हाजी इस्माइल खान ने बताया कि कार्यक्रम में शहर की 11 शख्सियतों को खान अब्दुल गफ्फार खान खिदमत–ए–खल्क अवार्ड से नवाजा गया। इनमें डॉ. तेज कुमार मालवीय, भूरु खलीफा, सोनू सिंह आनंद, गंगाधर महा, युवा अधिवक्ता समीर खान, जाहिद नूर एडवोकेट, समाजसेवी सईद अंसारी, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, डॉ. सउद नागोरी, इरशाद कुरैशी और नासिर हुसैन शामिल हैं। बतौर अतिथि मौजूद इंदौर विश्वविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इरशाद खानम ने नवदंपतियों को बधाई देते हुए कहा कि बिना दहेज विवाह करना एक सराहनीय कदम है और यह समाज को एक नई दिशा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में समाजसेवी हाजी सबीउल हसन, डॉ. शरीक नागोरी, अनुदीप गंगवार और टाइगर अकादमी के डायरेक्टर सैयद जमीर अब्बास भी बतौर अतिथि मंचासीन थे। निकाह के बाद मेहमानों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। सोसायटी अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि यह कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ। व्यवस्थाएं कार्यक्रम कन्वीनर हाजी इस्माइल भाई रंगवाला और वाइस कन्वीनर हाजी शेरू भाई राइन ने संभालीं। आयोजन का संचालन शाकिर शेख ने किया और आभार मार्गदर्शक इकबाल उस्मानी ने माना। कार्यक्रम की जानकारी प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

### जैन समाज ने कमिश्नर कार्यालय पर ज्ञापन दिया

**इंदौर.** मेनका गांधी द्वारा दिगम्बर जैन धर्म, दिगम्बर जैन साधु–संत परम्परा की पवित्र धार्मिकता प्रतीक मयूर पिच्छी के सम्बन्ध में सार्वजनिक रूप से आपत्तिजनक एवं तथ्यहीन वक्तव्य द्वारा की गई. टिप्पणी से पूरा जैन समाज आहत हुआ है, इसके विरोध में कमिश्नर कार्यालय इंदौर पर दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद, दिगम्बर जैन महासमिति, तथा भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी मध्यांचल के पदाधिकारी सदस्यों द्वारा ज्ञापन दिया गया। मांग की गई कि वह जैन संतो से व जैन समाज से माफी मांगे अन्यथा अतिशीघ्र कानूनी कार्यवाही की जाएगी. इस अवसर पर सामाजिक संसद के पूर्व अध्यक्ष कैलाश वेद, कार्यध्यक्ष सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, महामंत्री देवेन्द्र सोगानी, संगठन मंत्री जैनेश झांझरी, तीर्थ क्षेत्र कमेटी मध्यांचल अध्यक्ष डी.के.जैन, महासमिति सम्भागीय अध्यक्ष वीरेन्द्र बड़जात्या, प्रवीण पाटनी, महावीर बैनाड़ा, आनन्द कासलीवाल, प्रमोद पापड़ीवाल, ऋषभ पाटनी, कैलाश सेठी, निलेश सेठी, सुदीप जैन मुकेश दोशी, दिलीप लुहाड़िया, मयंक जैन,आलोक जैन, सुनील जैन ईशान,जितेंद्र बड़जात्या,आदि बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे.

## संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में बैंड केप वेअरिंग सेरेमनी का आयोजन

**महिदपुर। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध संत जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गरिमामय वातावरण में बैंड केप वेअरिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में टीआई महिदपुर अशोक पाटीदार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से किया गया। इसके पश्चात संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, उपप्रबंधक फादर सजी ने पुष्पगुच्छ के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया।**

इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं प्रबंधक महोदय एवं प्राचार्य महोदय ने छात्रों को ससम्मान बेंड केप पहनाई। इसके पश्चात विद्यालय के बैंड दल ने अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट



तालमेल का साहसिक प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने विद्यार्थियों की अनुशासनप्रियता एवं विद्यालय घोष दल की शानदार प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासन और संस्कार ही जीवन में सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने उपस्थित अभिभावक विद्यार्थियों को साइबर अपराध,सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, घटना या ऑनलाइन धोखाधड़ी की जानकारी तुरंत अपने माता–पिता, शिक्षकों अथवा पुलिस को दें एवं 1930 पर कम्प्लेन करे तथा कानून का पालन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक बनें। संस्था प्रबंधक महोदय ने घोष प्रशिक्षक जोसेफ को स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया। कक्षा आठवी के छात्र क्रिस्टी थॉमस ने मुख्य अतिथि, प्रबंधक, प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## भूमि अधिग्रहण पर हाईकोर्ट ने दिया यथास्थिति का आदेश

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने उज्जैन–जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण मामले में किसानों को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने ग्राम मंगरोला, सोडंग और झिरनिया के किसानों की याचिका पर सुनवाई करते हुए विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से न्यायालय में उपस्थित अधिवक्ता विशाल चौहान और आशुतोष जगताप ने तर्क दिया कि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही उचित मुआवजा और पारदर्शिता अधिनियम 2013 के अनिवार्य प्रावधानों का पालन किए बिना की गई है। याचिका में बताया गया कि किसानों ने वैकल्पिक मार्ग, शासकीय भूमि के उपयोग और इंटरचेंज डिजाइन में बदलाव को लेकर आपत्तियां और सुझाव दिए थे, जिन पर प्रशासन द्वारा विधिसम्मत विचार नहीं किया गया। अधिवक्ताओं ने न्यायालय को यह भी अवगत कराया कि आपत्तियों की सुनवाई सक्षम प्राधिकारी के बजाय अन्य अधिकारी द्वारा की गई, जो सीधे तौर पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा–निर्देशों का उल्लंघन है। प्रारंभिक सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यह भी पाया कि किसानों को अब तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है।

## लायंस क्लब डायनामिक का शपथ ग्रहण, राजीव गर्ग बने अध्यक्ष, सेवा कार्यों को गति देने का लिया संकल्प

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन डायनामिक की वर्ष 2026–27 की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 28 जून को होटल रुद्राक्ष क्लब एंड रिसोर्ट में संपन्न हुआ। समारोह में लायन राजीव गर्ग ने अध्यक्ष, लायन मनोहर राणावत ने सचिव और लायन शीतल चत्तर ने कोषाध्यक्ष के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन पंकज मारू और लायन संजय सक्सेना ने मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी के रूप में नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव गर्ग ने वी सर्व के आदर्श पर चलते हुए सेवा कार्यों को नई गति देने का संकल्प लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप




प्रज्ज्वलन और लायंस प्रार्थना से हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष लायन आनंद माहेश्वरी ने वर्ष भर का लेखा–जोखा प्रस्तुत कर सदस्यों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। समारोह में कैबिनेट मंत्री ओम जैन, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एडवोकेट विवेक गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी लायन गोविंद यादव और उमाशंकर पाटीदार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर चार्टर अध्यक्ष लायन संजय जैन, लायन अशोक सिहल, लायन अनिल गुप्ता, लायन विनय भूतड़ा, लायन राजेश गर्ग, लायन संजय बाफना, लायन राजेश बंसल, लायन राकेश बजाज, लायन अश्विन मारू, लायन हरविंदर सिंह छाबड़ा, लायन दिलीप गुप्ता बिल्डर, आलोक ऐरण, अमीश जैन और अजय मित्तल व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बहुजन मुक्ति पार्टी एवं भारत मुक्ति महिला मोर्चा का मिलन समारोह में संगठन मजबूती पर मंथन

**उज्जैन।** बहुजन मुक्ति पार्टी एवं भारत मुक्ति महिला मोर्चा द्वारा संविधान के प्रति जागरूकता एवं संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से लगातार जनसंपर्क कर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बड़नगर तहसील स्थित पूजा पैलेस होटल में बहुजन मुक्ति पार्टी एवं भारत मुक्ति महिला मोर्चा की अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय के नेतृत्व में मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, आगामी रणनीति तैयार करने एवं संगठन की मांगों को लेकर चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आने वाले समय में आंदोलन, ज्ञापन एवं जनजागरूकता अभियान



को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।मुकेश मालवीय ने बताया कि मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य संगठन की विचारधारा और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी सभी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए और सभी ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अपने सुझाव रखे। इस दौरान पुरुष एवं महिला कार्यकर्ताओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। संबोधित करते हुए अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय ने कहा कि वर्तमान समय में सभी को एकजुट होकर अपने अधिकारों और संविधान की रक्षा के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने विचार एवं सुझाव साझा किए व आगे मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## कर्मचारियों के लिए श्रम विभाग द्वारा नई न्यूनतम वेतन दरें जारी

**इंदौर.** मध्यप्रदेश श्रम विभाग ने राज्य के अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए संशोधित न्यूनतम वेतन दरें लागू की हैं. उप श्रमायुक्त ने बताया कि नई वेतन दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी। सभी नियोजकों, उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं ठेकेदारों को कर्मचारियों को निर्धारित न्यूनतम वेतन तथा समय–सीमा के भीतर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सामान्य श्रेणी के कर्मचारियों के लिए मासिक न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है, जिसमें अकुशल के लिये 12,425, अर्द्धकुशल के लिये 13,421, कुशल के लिये 15,144 और उच्च कुशल के लिये 16,769 रुपए वेतन निर्धारित किया गया है. श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम भुगतान करना कानून का उल्लंघन है। साथ ही पेमेंट ऑफ वेजेस एक्ट 1936 के अनुसार 1,000 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में वेतन अवधि समाप्त होने के सातवें दिन तक तथा 1,000 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में दसवें दिन तक वेतन का भुगतान किया जाना अनिवार्य है. यदि किसी कर्मचारी, जिसमें आउटसोर्स कर्मचारी भी शामिल हैं, को निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम भुगतान किया जाता है या समय पर वेतन नहीं मिलता है, तो वह श्रम विभाग की श्रमिक हेल्पलाइन 1800–233–8888 पर शिकायत दर्ज करा सकता है.

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी उत्सव का आयोजन

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड उज्जैन द्वारा मध्य प्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 28 जून को श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में जनजागृति कार्यक्रम एवं बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति जनजागरण करना था। कार्यक्रम में सतीश सिंदल, जितेंद्र आंजना, चिंतामण गणेश मंदिर समिति सदस्य यशवंत पटेल, कार्तिकेय मिश्रा, महेंद्र जायसवाल, अरुण व्यास, मंदिर के पुजारी गणेश शर्मा, प्रशासक अभिषेक शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि मनोज डागर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश के पूजन–अर्चन एवं




दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत डॉ. शीतल कुमार शर्मा, मदनलाल तिलोरिया, विक्रमसिंह आंजना, श्याम उपाध्याय, भरत आंजना, संजय आंजना, नितिन त्रिवेदी, संजय चौहान, राहुल सिंह एवं परामर्शदाता सुनील बारोड़ द्वारा किया गया। स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने प्रस्तुत की। सतीश सिंदल ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्राचीन बावड़ियां और जल स्त्रोत हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिनका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। गणेश शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल को जीवन एवं आस्था का आधार माना गया है। जल स्त्रोतों का संरक्षण करना धर्म, संस्कृति और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। यशवंत पटेल ने कहा कि समाज की सहभागिता से ही जल संरक्षण अभियान सफल हो सकता है। उन्होंने युवाओं से प्राचीन जल संरचनाओं के संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित प्राचीन लक्ष्मण बावड़ी पर दीपमालाएं सजाकर पूजन–अर्चन एवं महाआरती की गई। सभी जनों ने जल संरक्षण का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से कविता शर्मा, कौस्तुभ शर्मा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य तथा लेकोड़ा एवं चिंतामण गणेश सेक्टर के जितेन सिंह परिहार, सूरज पांचाल, मक्खन आंजना, राहुल परिहार, जितेंद्र ठक्कर, भगत पटेल, पवन चौधरी, ईश्वर चौहान, विक्रम सिंह आंजना आदि थे।

**एक नजर** — प्रिसिजन मेडिसिन और मल्टी–ओमिक्स से मिलेगी कैंसर व हृदय रोगों को मात

## आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय क्लिनिकल मल्टी–ओमिक्स सिम्पोजियम संपन्न

**उज्जैन।** आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हो रहे वैश्विक नवाचारों और प्रिसिजन मेडिसिन के जरिए भविष्य में कैंसर, हृदय रोग और मधुमेह जैसी जटिल बीमारियों का सटीक व व्यक्तिगत उपचार अधिक प्रभावी होगा। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज और आईआईटी बॉम्बे के संयुक्त तत्वावधान में नाद ब्रह्मा कन्वेंशन सेंटर में आयोजित क्लिनिकल मल्टी–ओमिक्स सिम्पोजियम 2026 में देश–विदेश के अग्रणी वैज्ञानिकों ने इस बात पर जोर दिया। एडवांस्ड प्रिसिजन मेडिसिन मल्टी–ओमिक्स टू सेलुलर थेरेपी विषय पर हुए इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमेरिका, कनाडा, स्वीडन और भारत के प्रतिष्ठित शोधकर्ताओं ने आधुनिक चिकित्सा के नवीनतम आयाम साझा किए।

**वैश्विक सहयोग से तय होगी स्वास्थ्य सेवाओं की नई दिशा:** यूसीटीएचआरसी के अध्यक्ष डॉ. एसबी गवारिकर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके महाडिक ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में वैश्विक सहयोग ही भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। ऐसे आयोजन मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय शोध के मानचित्र पर स्थापित करने में



अहम भूमिका निभाएंगे।

**विदेशी और भारतीय विशेषज्ञों ने साझा किए शोध अनुभव:** सिम्पोजियम के दौरान अमेरिका की एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के डॉ. जोशुआ ला–बेयर ने क्लिनिकल प्रोटीओमिक्स और प्रिसिजन मेडिसिन के नवीनतम शोध पर व्याख्यान दिया। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया सैन फ्रांसिस्को अमेरिका के डॉ. हरिश वासुदेवन ने कैंसर में जीन आधारित उपचार की आधुनिक अवधारणाओं पर प्रकाश डाला। स्वीडन के केटीएच रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के डॉ. जोचेन मार्टिन श्वेक ने क्लिनिकल प्रैक्टिस में मल्टी–ओमिक्स तकनीकों को लागू करने पर जोर दिया। इसी तरह कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा के डॉ. संजीव ढींगरा ने हृदय रोगों में मल्टी–ओमिक्स आधारित अनुसंधान की उपयोगिता बताई। आईआईटी बॉम्बे के डॉ. संजीवा श्रीवास्तव ने प्रोटीओमिक्स व बायोमार्कर डिस्कवरी और डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने

### पैथोलॉजी विभाग ने किया सफल नेतृत्व

इस अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन का संचालन आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग द्वारा किया गया। आयोजन का नेतृत्व पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू पुरोहित और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गौतम गोपाल भागवत ने किया। इस सफल आयोजन ने चिकित्सा अनुसंधान और अकादमिक सहयोग के क्षेत्र में संस्थान के साथ–साथ मध्यप्रदेश को एक नई वैश्विक पहचान दिलाई है।